हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2022

सार्वजनिक सूचना

सभी सम्बन्धित को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बोर्ड कार्यालय द्वारा दिनांक 03.12.2022 व 04.12.2022 को आयोजित करवाई गई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा(एचटेट) लेवल–1(PRT), लेवल–2(TGT) व लेवल–3(PGT) से सम्बन्धित सभी विषयों की ड्राफ्ट उत्तरकुंजी दिनांक 04.12.2022 सांय से बोर्ड की वैबसाईट www.bseh.org.in पर सार्वजनिक कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न–पत्र बुकलेट में दिए गए किसी भी प्रश्न या उत्तरकुंजी में दिए गए किसी भी प्रश्न के उत्तर(विकल्प) के बारे में कोई आपत्ति हो तो इस सम्बन्ध में पूर्ण तथ्यों/प्रमाणों सहित दिनांक 05.12.2022 से 07.12.2022 सांय 5.00 बजे तक निर्धारित शुल्क 1000/–प्रति प्रश्न अनुसार जमा करवाते हुए अपनी आपत्ति ऑनलाईन बोर्ड की वैबसाइट पर दर्ज करवा सकते है। यदि किसी प्रश्न के सम्बन्ध में दर्ज करवाई गई आपत्ति सही पाई जाती है तो ऐसी स्थिति में उस प्रश्न के लिए जमा शुल्क अभ्यर्थी को परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त वापिस(Refund) कर दिया जाएगा। प्रश्न–पत्र व उत्तरकुंजी के सम्बन्ध में दिनांक 07.12.2022 सांय 5 बजे के पश्चात् होने वाली किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा बिना किसी नोटिस के आपत्ति अस्वीकृत कर दी जाएगी।

सचिव